2022/324

फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

प्रार्थी / अपीलांट	बनाम	अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट
श्री बसन्तलाल जैन जाति जैन निवासी वेरा की गली जावाल जिला सिरोही।		सरकार जरिये लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही

किस्म मुकदमा– **अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005** मुकदमा नं. 55 वर्ष 2022

दिनांक हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज
25.08.2022	अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई । अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे । अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया है कि उसके द्वारा लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही को दिनांक 07.05.2022. को एक ऑनलाईन प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया है कि नगरपालिका जावाल के गठन के बाद उक्त नगरपालिका द्वारा कितने पट्टे जारी किए गए है। उक्त समस्त पट्टो से सम्बन्धित सूचना लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था। किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई है। मैने पत्रावली का अवलोकन किया गया तो पाया गया कि अपीलाट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10 जमा करा दिये है । अपीलाट द्वारा लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही को दिनांक 07.05.2022. को एक ऑनलाईन प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया है कि नगरपालिका जावाल के गठन के बाद उक्त नगरपालिका द्वारा कितने पट्टे जारी किए गए है। उक्त समस्त पट्टो से सम्बन्धित सूचना उपलब्ध करवाई जावे। पत्रावली का अवलोकन करने पर यह प्रतीत होता है कि उपरोक्त सूचना कार्यालय अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका जावाल से सम्बन्धित होने से लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही द्वारा अपीलांट का मूल आवेदन जरिए पत्र क्रमांक 843 दिनांक 16.06.2022 के द्वारा कार्यालय अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका जावाल को स्थानान्तरित कर दिया था। चूंकि कार्यालय अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका जावाल के अपील अधिकारी जिला कलक्टर सिरोही नहीं है। अतः ऐसी स्थिति में अपीलांट की अपील खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो । (डॉ. भँवर लाल) जिला कलक्टर, सिरोही

Signature Not Verified
Digitally signed by Bhanwar Lal
Date: 2023.03.01 18:29:19 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with CamScanner